# एक भी परिवार ना छूटे

**कुसुम (सुपरवाइजर दीदी) के साथ पुष्पा जो मोहनपुर गाँव की एक आँगनवाड़ी कार्यकर्ता है, क्षेत्र भ्रमण को निकली है...**










**सुपरवाइजर, अगले दिन आस-पास की 2 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बुलाकर उनके सर्वे का मिलान करती है और फिर सर्वे करने के तरीके को समझाती है।**



# अपने आँगनवाड़ी क्षेत्र को समझना और सुनिश्चित करना कि सभी परिवारों को महत्वपूर्ण सेवाएं मिले

**1** अपने क्षेत्र के सभी टोले, सामुदायिक स्थल, और रास्तों को दर्शाते हुए एक कागज पर नक्शा बनाएं।

**2** अपने क्षेत्र में यह नक्शा और डाटा ट्रान्सफर शीट या **ICDS-CAS** मोबाइल (जिनके पास है) लेकर घर-घर घूमें।

**3** आप पूरे गाँव में जिस क्रम में सर्वेक्षण करें उसी क्रम में प्रत्येक घरों को क्रम संख्या दें।

**4** हर घर के लिए नक्शे में एक चौकोर बक्सा बनाएं और उसमें परिवार संख्या लिखें। यदि घर में एक से अधिक परिवार रहते हैं तो सभी परिवारों के क्रमांक को बक्से में लिखें।




**5** परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी इक्कट्ठा करने के लिए आप प्रत्येक घर के एक जिम्मेदार सदस्य से बात करें।

**6** अगर उस घर में कोई गर्भवती महिला है तो उनसे उसकी एल.एम.पी. (माहवारी की अंतिम तारीख) पूछें। अब उस महिला की ई.डी.डी. (प्रसव की संभावित तिथि) निकालें। यदि आपके पास **ICDS-CAS** मोबाइल नही है तो डाटा ट्रान्सफर शीट के जिस माह वाले खाने में महिला की ई.डी.डी. पड़ रही हो उसी खाने में महिला का नाम और ई.डी.डी. लिखें। परिवार संख्या भी लिखें।

**7** अगर उस घर में कोई 6 साल की उम्र तक का शिशु है तो उनसे उसकी जन्म तिथि पूछें। **ICDS-CAS** मोबाइल में या डेटा ट्रान्सफर शीट में जिस माह वाले खाने में शिशु की जन्म तिथि पड़ रही हो उसी खाने में शिशु का नाम और जन्म तिथि लिखें। परिवार संख्या भी लिखें।

**8** एक बार सभी परिवारों की जानकारी मिल जाने के बाद गर्भावस्था और टीकाकरण पंजी की भी जाँच करें और गृह भ्रमण पंजी भरें।

- क्या आपके आँगनवाड़ी क्षेत्र की सीमा निर्धारित है?
- क्या आपने साल के शुरूआत में परिवारों का सर्वे किया था?
- क्या हमें यकीन है कि हमारे क्षेत्र का कोई परिवार सर्वे से छूटा तो नहीं है?
- क्या हमें यकीन है कि पिछड़ी जाति/जनजाति वाले परिवारों में से भी कोई छूटा नहीं है?

Takeaway 1
Monday, April 23, 2018 12:42:31 PM

# यह मासिक बैठक क्यों?

टेकअवे-1



POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
सही पोषण - देश रोशन

सत्यमेव जयते


नए समाज की ओर

## सुपरवाइजर दीदी के साथ मासिक बैठक क्यों?

हमारा उद्देश्य है कि हमारे समुदाय के सभी परिवार

1. स्वस्थ और सुपोषित रहने के लिए अनुकूल व्यवहारों को अपनाएं।
2. और सभी महत्वपूर्ण आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य सेवाएं पाएं।

इसके लिए मासिक बैठकों में सुपरवाइजर और एक–दूसरे के अनुभवों द्वारा सीखेगें और परिवारों की मदद करेंगे। यह भी जानेंगे कि अपना काम कैसे ज़्यादा समझदारी से करें और उससे बेहतर परिणाम कैसे पाएं।






## मासिक बैठक में क्या होगा?

**समीक्षा**

पिछले माह में गृह भ्रमण में क्या पाया गया, क्या सीखा और क्या हम परिवारों को समझाने में सफल रहें?

**योजना**

हर माह सीखी हुई नई जानकारी और कौशल के अनुसार अगले माह की कार्य योजना बनाना।



**नई बातें सीखना**


विभिन्न तकनीकी तथा व्यावहारिक विषयों पर परिवारों को क्या जानकारी देनी है?



## मासिक बैठक के बाद क्या होगा?

सभी माताओं एवं शिशुओं के यहाँ गृह भेंट करेंगे

गृह भेंट करते समय आई समस्या को सुलझाऐंगे




सुपरवाइजर दीदी, ए.एन.एम.,सी.डी.पी.ओ, चिकित्सा अधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान गृह भेंट में आई समस्या बताएगें

एक–एक कर, सभी समस्याओं का समाधान अधिकारियों से लेते हुए गृह भेंट जारी रखेंगे



## खेल-खेल में...

### नीचे दिये गये नक्शे को देखें और जवाब दें।




1. क्या गाँव के सभी टोले और घर आँगनवाड़ी क्षेत्र 'अ' और 'ब' में सम्मिलित हैं?
2. क्या सभी घरों को परिवार संख्या दी गई है?
3. क्या गाँव के सभी परिवारों को आँगनवाड़ी केन्द्र की सेवाएं प्राप्त हो रही हैं?

उत्तर : 1. नहीं, आँगनवाड़ी क्षेत्र की सीमा का विभाजन सही नहीं हुआ है, 2. नहीं, 3. नहीं, कुछ घर छुट गये हैं



## नक्शे में घर छूट जाने पर क्या होगा?

- ICDS परियोजना के अन्तर्गत सभी गर्भवती, धात्री व 6 साल तक के शिशु को पोषण संबंधी सेवाएं दी जाती है। घर छूट जाने की स्थिति में, इन घरों में रहने वाले लाभार्थियों को सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई सेवाओं का लाभ नहीं मिल पायेगा।
- अधिकतर, ये छूटे हुए परिवार गरीब तबके के होगें, जिन्हें इन सेवाओं की ज़रूरत सबसे अधिक है।
- ऐसी महिलाएं व शिशु जिन्हें कुपोषण होने का ख़तरा सबसे अधिक है वे हमारी सेवाओं से वंचित रह जाएंगे।
- सभी महिलाओं व शिशुओं की उचित देखभाल और पोषण संबंधी ज़रूरी सलाह देने की जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पायेंगे।





## आँगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में हमारी भूमिका क्या है?

- घरों का वार्षिक दौरा करना
- अपने क्षेत्र का नक्शा बनाना
- अपने क्षेत्र के नक्शे को सुपरवाइजर के साथ साझा करना व सुनिश्चित करना कि कोई घर छूटा न हो।
- समय–समय पर सर्वे रजिस्टर और नक्शे को अपडेट करना खासकर निम्न स्थितियों में –
  - परिवार के गाँव छोड़कर जाने पर
  - नये परिवार गाँव में आने पर
  - जन्म होने पर
  - मृत्यु होने पर





Takeaway 1
Monday, April 23, 2018 12:42:36 PM